समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# भारत-पाक टेशंन के बीच इस कंपनी ने किया छंटनी का ऐलान, 10000 लोगों की चली जाएगी नौकरी।

Publisher Published on 10 May 2025



## पैनासोनिक ने इस साल प्रॉफिट मे 15 परसेटं की गिरावट और बिक्री मे आंठ परसेटं की गिरावट का अनुमान लगाया है. अब कंपनी ने सुधार के लिए एक मैनेजमेटं रीफॉर्म प्रोग्राम का आउटलाइन तैयार किया है.

भारत-पाक टेंशन की बीच टेस्ला को बैटरी सप्लाई करने वाली जापानी इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज पैनासोनिक ने बड़ा ऐलान कर दिया है. कंपनी ने शुक्रवार को दुनिया भर में 10,000 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की. यह कंपनी में काम करने वाले लगभग 230,000 कर्मचारियों का चार परसेंट है. कंपनी ने प्रॉफिट को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है.

रिव्यू करने की तैयारी में है कंपनी

पैनासोनिक ने कहा कि सभी ग्रुप कंपनियों का रिव्यू किया जाएगा, खासकर सेल्स और इनडायरेक्ट डिपार्टमेंट्स की. इसके अलावा, ऑर्गेनाइजेशन और स्टाफ की संख्या का भी रीवैल्यूएशन किया जाएगा. कंपनी का मकसद जापान में 5000 कर्मचारियों और बाकी दूसरे देशों से 5000 कर्मचारियों की नौकरी में कटौती करना है. हालांकि, इस दौरान कंपनी हर देश में लागू श्रम संबंधी नियम-कानूनों का पालन करेगी.

मैनेजमेंट रीफॉर्म प्रोग्राम का आउटलाइन तैयार

कुकर से लेकर टीवी और फ्रीज जैसे तमाम इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेज बनाने वाली कंपनी आज घर-घर में एक जाना-पहचाना नाम है. ओसाका बेस्ड यह कंपनी एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी टेस्ला के लिए बैटरी का प्रमुख सप्लायर है. कंपनी

हाउसिंग, एनर्जी और ऑटो सेक्टर्स से भी जुड़ी हुई है. पैनासोनिक ने फरवरी में कंपनी में कई स्ट्रक्चरल इश्यूज को हल करने के लिए एक मैनेजमेंट रीफॉर्म प्रोग्राम का आउटलाइन तैयार किया है.

मुनाफा और बिक्री में गिरावट से कंपनी को फिक्र

शुक्रवार को कंपनी ने कहा, इस रीफॉर्म प्रोग्राम के जरिए कंपनी का लक्ष्य कम से कम 150 बिलियन येन (1 बिलियन डॉलर) तक अपना मुनाफा बढ़ाना है. शुक्रवार को जारी अपनी पूरे साल की इनकम रिपोर्ट में पैनासोनिक ने इस साल प्रॉफिट में 15 परसेंट की गिरावट और बिक्री में आठ परसेंट की गिरावट का अनुमान लगाया है.

पैनासोनिक होल्डिंग्स के सीईओ युकी कुसुमी ने जापान के निक्केई न्यूजपेपर को अप्रैल में दिए एक इंटरव्यू में कहा था, ”दूसरी कंपनियों के मुकाबले बेहतर परफॉर्मेंस करने के लिए कर्मचारियों की छंटनी जरूरी है.”

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.